Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide compensation to orange cultivators whose crops got destroyed due to insects.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): अध्यक्ष महोदय, सभी जानते हैं कि नागपुर का संतरा उसके खट्टे-मीठे टेस्ट के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है । कहीं किन्नू है, तो कहीं कुछ और है । राजस्थान में भी किन्नू है, लेकिन नागपुर का संतरा खट्टा-मीठा होने के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है और नागपुर से बड़े पैमाने पर इसका एक्सपोर्ट भी होता है । इस समय जो ज्यादा बरसात हुई है, उसके कारण उस पर कीट लगी हुई है । इस कीट के कारण आज जो परिस्थिति बनी है, उससे संतरा खत्म होने की कगार पर आ गया है । पेड़ भी सूख रहे हैं । पहले यह स्थिति थी कि इसके लिए सरकार की ओर से कुछ कीटनाशक पाउडर या खाद लेने के लिए सरकार की तरफ से 50 प्रतिशत सब्सिडी किसानों को मिलती थी । आज ऐसी स्थिति बन गई है कि ज्यादा बरसात के कारण खेती भी नेस्तनाबूद हो गई है और संतरे की भी स्थिति बहुत खराब हो चुकी है । मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से पहले किसानों को पाउडर लेने के लिए या सल्फेट, सल्फर वगैरह, जो कि पेड़ों पर स्प्रे किये जाते थे, को लेने के लिए जो सब्सिडी मिलती थी, वह सब्सिडी भारत सरकार की तरफ से फिर से किसानों को मिलनी चाहिए और संतरा उगाने वाले किसानों का जो नुकसान हो रहा है, उनको 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मिलना चाहिए, यह मेरी आपसे मांग है ।